**Class: 12th (Senior Secondary)**

## MARKING INSTRUCTIONS AND MODEL ANSWERS

## HISTORY

## ACADEMIC/OPEN

1. (ब) सिंधु / (b) Indus River

मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के किनारे सिंध प्रांत, पाकिस्तान में स्थित है.

Mohenjodaro is located on the bank of Indus River in Sindh, Pakistan.

2. (ब) मोहनजोदड़ो / (b) Mohenjodaro

यह कांसे की 10.5 सेमी ऊँची मूर्ति 1926 में मोहनजोदड़ो से मिली थी.

This 10.5 cm bronze statue was found from Mohenjodaro in 1926.

3. (अ) ज्येष्ठ पुत्र / (a) Eldest Son

मनुस्मृति में 'ज्येष्ठांश' नियम के तहत ज्येष्ठ पुत्र को विशेष हिस्सा मिलता था.

Under 'Jyesthansha' rule in Manusmriti, eldest son got special share.

4. (अ) जैन धर्म / (a) Jain Religion

जैन धर्म में 'महाजन' शब्द व्यापारी संघ/महाजन श्रेष्ठी के लिए प्रयोग होता था.

In Jainism, 'Mahajan' was used for merchant guilds/shreshthis.

5. (ब) मुहम्मद तुगलक / (b) Muhammad Tughlaq 1336 ई. में हरिहर और बुक्का ने मुहम्मद तुगलक के काल में स्थापना की.

Founded in 1336 by Harihara & Bukka during Muhammad Tughlaq's reign.

6. (अ) 1906 ई. / (a) 1906 AD

30 दिसंबर 1906 को ढाका में नवाब सलीमुल्लाह खान द्वारा.

On 30 Dec 1906 at Dhaka by Nawab Salimullah Khan.

7. (स) कैबिनेट मिशन योजना / (c) Cabinet Mission Plan

कैबिनेट मिशन 1946 के प्रस्तावों के तहत संविधान सभा बनी.

Formed under Cabinet Mission proposals, 1946.

8. (ब) मुस्लिम लीग / (b) Muslim League

मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और कम्युनिस्ट पार्टी ने 1942 के आंदोलन का विरोध किया.

Muslim League, Hindu Mahasabha & Communist Party opposed it.

9. मुगल सेना में सीमावर्ती/पहाड़ी क्षेत्रों से भर्ती किए गए सैनिकों को 'दखिल-ए-कोह' कहते थे.

In Mughal army, soldiers recruited from hilly/border areas were called 'Dakhil-i-Koh'.

10. अमृतसर, पंजाब में 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर द्वारा. / At Amritsar, Punjab on 13 April 1919 by General Dyer.

11. पावापुरी, बिहार में 468 ई.पू. में. / At Pawapuri, Bihar in 468 BCE.

12. कृष्णदेव राय (1509-1529 ई.) / Krishnadeva Raya (1509-1529 AD).

तेलुगु साहित्य के संरक्षक, 'आंध्र भोज' कहलाए. Patron of Telugu literature, called 'Andhra Bhoja'.

13. 1822 में उत्तर-पश्चिमी प्रांत, आगरा, अवध, मध्य प्रांत और पंजाब में.

In 1822 in North-Western Provinces, Agra, Awadh, Central Provinces & Punjab.

14. लॉर्ड माउंटबेटन / Lord Mountbatten.

1947 में भारत के पहले गवर्नर जनरल भी बने.

Also first Governor-General of India in 1947.

15. महाभारत के भीष्म पर्व का अंग है.

Part of Bhishma Parva of Mahabharata.

इसमें 18 अध्याय, 700 श्लोक हैं.

Has 18 chapters, 700 verses.

16. हिन्दू धर्म / Hindu Religion.

यह एक स्मृति ग्रंथ और धर्मशास्त्र है.

It is a Smriti text and Dharmashastra.

17. आगा खाँ / Aga Khan.

1 अक्टूबर 1906 को शिमला में 35 सदस्य मिले थे. 35 members met on 1 Oct 1906 at Shimla.

18. कर्नाटक में 12वीं शताब्दी में

In Karnataka in 12th century.

संस्थापक: बासवन्ना. इष्टलिंग की पूजा करते हैं. Founder: Basavanna

19.

*A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है.

*Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

20.

*A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है.

*Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

21.

*A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है.

*Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

22.

कौटिल्य/चाणक्य द्वारा रचित 'अर्थशास्त्र' मौर्य काल का राजनीतिक ग्रंथ है. इसके 15 अधिकरण, 180 प्रकरण हैं. इसमें राजा के कर्तव्य, प्रशासन, न्याय, कर व्यवस्था, जासूसी तंत्र और युद्धनीति का वर्णन है. 'सप्तांग सिद्धांत' में राज्य के 7 अंग बताए. यह बताता है कि राजा को प्रजा के कल्याण के लिए शासन करना चाहिए.

'Arthashastra' written by Kautilya/Chanakya is a political treatise of Mauryan period. It has 15 books, 180 chapters. It describes king's duties, administration, justice, tax system, espionage and warfare. 'Saptanga Theory' mentions 7 organs of state. It says king should rule for welfare of people.

23.

1. *कृषि*: गेहूँ, जौ, कपास मुख्य फसलें थीं. कालीबंगा से जुते खेत के साक्ष्य मिले.

2. *पशुपालन*: बैल, भैंस, भेड़-बकरी पालते थे.

3. *शिल्प व व्यापार*: मनके, बर्तन, तांबे के औजार बनाते थे. मेसोपोटामिया से समुद्री व्यापार करते थे.

4. *मछली पकड़ना*: लोथल व सुत्कागेंडोर से प्रमाण मिले.

1. *Agriculture*: Wheat, barley, cotton were main crops. Ploughed field evidence from Kalibangan.

2. *Animal husbandry*: Kept ox, buffalo, sheep-goat.

3. *Craft & Trade*: Made beads, pottery, copper tools. Maritime trade with Mesopotamia.

4. *Fishing*: Evidence from Lothal & Sutkagendor.

24.

महायान / Mahayana

1. बुद्ध को ईश्वर माना. मूर्ति पूजा शुरू.
2. बोधिसत्व की कल्पना.
3. संस्कृत भाषा का प्रयोग.

हीनयान / Hinayana

1. बुद्ध को महापुरुष माना. मूर्ति पूजा नहीं.
2. अर्हत बनना लक्ष्य.
3. पाली भाषा का प्रयोग.

महायान

1. Considered Buddha as God. Idol worship started.
2. Concept of Bodhisattva.
3. Used Sanskrit language.

Hinayana

1. Considered Buddha as great man. No idol worship.
2. Goal was to become Arhat.
3. Used Pali language.

25.

'लाल-बाल-पाल' गरम दल के तीन प्रमुख राष्ट्रवादी नेता थे.

1. *लाल*- लाला लाजपत राय, पंजाब केसरी.

2. *बाल*- बाल गंगाधर तिलक, 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' कहा.

3. *पाल*- बिपिन चंद्र पाल, बंगाल के क्रांतिकारी. इन्होंने स्वदेशी आंदोलन चलाया.

'Lal-Bal-Pal' were three prominent extremist nationalist leaders.

1. *Lal*- Lala Lajpat Rai, Punjab Kesari.

2. *Bal*- Bal Gangadhar Tilak, said 'Swaraj is my birthright'.

3. *Pal*- Bipin Chandra Pal, revolutionary from Bengal. They led Swadeshi Movement.

26.

1. *अवशेष रखने हेतु*: बुद्ध या बौद्ध भिक्षुओं के अस्थि-अवशेष रखने के लिए.

2. *पूजा स्थल*: बौद्ध अनुयायी परिक्रमा कर पूजा करते थे.

3. *धर्म प्रचार*: अशोक ने 84,000 स्तूप बनवाकर बौद्ध धर्म फैलाया. सांची स्तूप प्रसिद्ध है.

1. *To store relics*: To keep relics of Buddha or Buddhist monks.

2. *Place of worship*: Buddhists worshipped by doing parikrama.

3. *Spread religion*: Ashoka built 84,000 stupas to spread Buddhism. Sanchi stupa is famous.

27.

18वीं सदी में राजमहल पहाड़ियों के पहाड़िया लोग मैदानों पर हमला करते थे क्योंकि:

1. *भोजन की कमी*: पहाड़ों में खेती कम होती थी. 2. *बाहरी दबाव*: मैदानी किसान और जमींदार जंगलों पर कब्जा कर रहे थे.

3. *प्रतिरोध*: अंग्रेजों की राजस्व नीति के खिलाफ विरोध. इसलिए वे बदला लेने हमले करते थे.

In 18th century, Paharias of Rajmahal hills raided plains because:

1. *Food scarcity*: Less agriculture in hills.

2. *External pressure*: Peasants & zamindars occupied forests.

3. *Resistance*: Against British revenue policy. So they raided for revenge.

28.

1. *सैन्य विजय*: 1509-1529 में बीजापुर, गोलकुंडा को हराया. ओडिशा जीता.

2. *प्रशासन*: तेलुगु, कन्नड़ साहित्य को बढ़ावा. 'अमुक्तमाल्यद' लिखी.

3. *निर्माण*: हजारा राम मंदिर, विट्ठल मंदिर बनवाए. 4. *व्यापार*: पुर्तगालियों से घोड़ों का व्यापार. उनके काल को 'स्वर्ण युग' कहते हैं.

1. *Military*: Defeated Bijapur, Golconda in 1509-1529. Conquered Odisha.

2.*Administration*: Promoted Telugu, Kannada literature. Wrote 'Amuktamalyada'.

3.*Construction*: Built Hazara Rama & Vitthala temples.

4. *Trade*: Horse trade with Portuguese. His period is called 'Golden Age'.

29.

1. *बड़ी जोत*: जोतदारों के पास हजारों एकड़ जमीन होती थी.

2. *जमींदार पर नियंत्रण*: जमींदार शहर में रहते थे, लगान वसूली जोतदार करते थे.

3. *किसानों पर दबाव*: गरीब किसानों को कर्ज देकर बंधुआ बनाते थे.

4. *राजनीतिक शक्ति*: दखलंदाजी और पंचायत पर कब्जा. इसलिए 18वीं सदी अंत तक जोतदार जमींदार से ज्यादा ताकतवर हो गए.

1. *Large holdings*: Jotedars had thousands of acres.

2. *Control over Zamindars*: Zamindars lived in cities, Jotedars collected revenue.

3. *Power over peasants*: Made poor peasants bonded through loans.

4.*Political power*: Dominated local panchayats. Thus by late 18th c., Jotedars became more powerful than Zamindars.

30.

हड़प्पा सभ्यता का पतन 1900 ई.पू. के आसपास शुरू हुआ. मोहनजोदड़ो के उत्खनन से इसके कई कारण पता चलते हैं:

1. *बाढ़ और जलवायु परिवर्तन*: मोहनजोदड़ो में 7 बार बाढ़ आने के प्रमाण मिले हैं. सिंधु नदी का मार्ग बदलना और सरस्वती/घग्गर नदी का सूख जाना मुख्य कारण था. जलवायु शुष्क हो गई.

2. *पारिस्थितिक विनाश*: लाखों पक्की ईंटें पकाने के लिए जंगलों की अंधाधुंध कटाई हुई. इससे बाढ़ बढ़ी और भूमि बंजर हो गई. कृषि उत्पादन गिरा.

3. *व्यापार का पतन*: 2000 ई.पू. के बाद मेसोपोटामिया से समुद्री व्यापार बंद हो गया. लोथल जैसे बंदरगाह उजड़ गए. अर्थव्यवस्था चरमरा गई.

4. *प्रशासनिक कमजोरी*: विशाल साम्राज्य पर केंद्रीय नियंत्रण कमजोर पड़ गया. नगरों का रख-रखाव बंद हो गया.

5. *रोग और महामारी*: मोहनजोदड़ो से मिले कंकालों में हिंसा और रोग के लक्षण मिले हैं.

6. *आर्य आक्रमण सिद्धांत*: कुछ विद्वान आर्यों के आक्रमण को कारण मानते हैं, पर इसके ठोस पुरातात्विक प्रमाण नहीं मिले.

इस प्रकार प्राकृतिक और आर्थिक कारणों से यह महान नगरीय सभ्यता धीरे-धीरे नष्ट हो गई.

The Harappan civilization started declining around 1900 BCE. Excavations at Mohenjodaro reveal several causes:

1. *Floods & Climate Change*: Evidence of 7 floods found at Mohenjodaro. Change in course of Indus River and drying up of Saraswati/Ghaggar river was a main cause. Climate became arid.

2.*Ecological Destruction*: Massive deforestation for baking millions of bricks led to floods and barren land. Agricultural production fell.

3. *Decline of Trade*: After 2000 BCE, maritime trade with Mesopotamia stopped. Ports like Lothal were abandoned. Economy collapsed.

4. *Administrative Weakness*: Central control over vast empire weakened. Maintenance of cities stopped.

5. *Disease & Epidemic*: Skeletons from Mohenjodaro show signs of violence and disease.

6. *Aryan Invasion Theory*: Some scholars cite Aryan invasion, but there is little archaeological evidence.

Thus, natural and economic factors led to gradual decline of this great urban civilization.

विकल्प 2:-

हड़प्पा सभ्यता की अर्थव्यवस्था कृषि, पशुपालन, शिल्प और व्यापार पर आधारित थी:

1. *कृषि*: मुख्य व्यवसाय था. गेहूँ, जौ, चावल, मटर, तिल, सरसों उगाते थे. कालीबंगा से जुते हुए खेत का साक्ष्य मिला है. ये विश्व में सबसे पहले कपास उगाने वाले लोग थे, जिसे यूनानी 'सिन्डन' कहते थे.

2. *पशुपालन*: बैल, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर, कुत्ता पालते थे. कूबड़ वाला बैल मुहरों पर मिला है. घोड़े के साक्ष्य कम मिलते हैं.

3. *शिल्प उत्पादन*: मनके, मिट्टी के बर्तन, कांसे-तांबे के औजार, शंख की वस्तुएँ बनाते थे. चन्हूदड़ो 'शिल्पियों का नगर' था. धोलावीरा से बाट और तराजू मिले हैं.

4. *व्यापार*: आंतरिक और बाहरी दोनों व्यापार होता था. लोथल और सुत्कागेंडोर बंदरगाह थे. मेसोपोटामिया से तांबा, टिन मंगाते थे और मनके, हाथीदांत भेजते थे.

5. *मछली व शिकार*: सिंधु नदी से मछली पकड़ते थे. हिरण, सूअर का शिकार करते थे.

6. *भोजन*: गेहूँ-जौ की रोटी, मांस, मछली, दूध, फल खाते थे.

इस प्रकार हड़प्पावासी एक उन्नत मिश्रित अर्थव्यवस्था वाले थे जो आत्मनिर्भर और समृद्ध थी.

Harappan economy was based on agriculture, animal husbandry, craft and trade:

1. *Agriculture*: Main occupation. Grew wheat, barley, rice, peas, sesame, mustard. Evidence of ploughed field found at Kalibangan. They were first in world to grow cotton, called 'Sindon' by Greeks.

2. *Animal Husbandry*: Kept ox, buffalo, sheep, goat, pig, dog. Humped bull found on seals. Little evidence of horse.

3. *Craft Production*: Made beads, pottery, bronze-copper tools, shell objects. Chanhudaro was 'city of craftsmen'. Weights and scales found at Dholavira.

4. *Trade*: Both internal and external trade existed. Lothal & Sutkagendor were ports. Imported copper, tin from Mesopotamia and exported beads, ivory.

5. *Fishing & Hunting*: Caught fish from Indus river. Hunted deer, boar.

6. *Food*: Ate wheat-barley bread, meat, fish, milk, fruits.

Thus Harappans had an advanced mixed economy which was self-sufficient and prosperous.

31.

संत कबीर 15वीं सदी के निर्गुण भक्ति संत थे. उनके उपदेश 'बीजक', 'साखी' और 'रमैनी' में संकलित हैं:

1. *एकेश्वरवाद*: कबीर ने राम-रहीम को एक माना. 'एको अहं, द्वितीयो नास्ति' का प्रचार किया.

2. *जाति-प्रथा का विरोध*: 'जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान' कहकर जन्म पर आधारित भेदभाव का खंडन किया.

3. *बाह्य आडंबरों का खंडन*: मूर्ति-पूजा, रोजा-नमाज, तीर्थयात्रा को व्यर्थ बताया. कहा – 'पाथर पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूं पहार'.

4. *गुरु का महत्व*: 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय' – गुरु को ईश्वर से बड़ा माना.

5. *सदाचार पर बल*: सत्य, अहिंसा, संतोष, दया को अपनाने को कहा. 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय'.

6. *हिंदू-मुस्लिम एकता*: दोनों धर्मों के कट्टरपंथ का विरोध कर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया.

कबीर के उपदेशों ने समाज सुधार और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया.

Saint Kabir was a 15th-century Nirguna Bhakti saint. His teachings are compiled in 'Bijak', 'Sakhi' and 'Ramaini':

1. *Monotheism*: Kabir considered Ram and Rahim as one. Preached 'There is only one God'.

2. *Opposition to Caste*: Said 'Don't ask the caste of a saint, ask his knowledge', rejecting birth-based discrimination.

3. *Rejection of Rituals*: Called idol worship, fasting, pilgrimage useless. Said 'If God is found by worshipping stone, I would worship a mountain'.

4. *Importance of Guru*: 'Guru and God both stand, whose feet should I touch first' – considered Guru greater than God.

5. *Emphasis on Morality*: Preached truth, non-violence, contentment, compassion. 'Speak such words that ego vanishes'.

6. *Hindu-Muslim Unity*: Opposed fanaticism of both religions and spread message of love and brotherhood.

Kabir's teachings promoted social reform and religious tolerance.

विकल्प 2:-

8वीं से 17वीं सदी तक चला भक्ति आंदोलन मध्यकालीन धार्मिक सुधार आंदोलन था:

1. *ईश्वर की एकता*: सभी संतों ने एक ईश्वर की भक्ति पर जोर दिया. सगुण और निर्गुण दोनों रूप प्रचलित थे.

2. *जाति-व्यवस्था का विरोध*: रैदास, कबीर, नानक जैसे संतों ने जन्म आधारित ऊँच-नीच का विरोध किया.

3. *गुरु की प्रधानता*: भक्ति मार्ग में गुरु को अनिवार्य माना गया. 'बिन गुरु ज्ञान न होई'.

4. *स्थानीय भाषा*: संस्कृत के स्थान पर तमिल, हिंदी, मराठी, बंगाली में उपदेश दिए. इससे आम जनता जुड़ी.

5. *कर्मकांड का विरोध*: यज्ञ, बलि, व्रत आदि बाहरी आडंबरों को नकारा. प्रेम और समर्पण को महत्व दिया.

6. *सामाजिक समता*: स्त्री-पुरुष, हिंदू-मुस्लिम में भेद नहीं माना. मीराबाई, अंडाल जैसी महिला संत हुईं.

भक्ति आंदोलन ने भारतीय समाज को एक सूत्र में बांधा और सांस्कृतिक एकता बढ़ाई.

Bhakti Movement from 8th to 17th century was a medieval religious reform movement:

1. *Unity of God*: All saints stressed devotion to one God. Both Saguna and Nirguna forms were popular.

2. *Opposition to Caste System*: Saints like Raidas, Kabir, Nanak opposed birth-based hierarchy.

3. *Supremacy of Guru*: Guru was considered essential in path of devotion. 'No knowledge without Guru'.

4. *Local Language*: Preached in Tamil, Hindi, Marathi, Bengali instead of Sanskrit. Connected common people.

5. *Rejection of Rituals*: Denied external rituals like yajna, sacrifice, fasts. Emphasized love and surrender.

6. *Social Equality*: No distinction between man-woman, Hindu-Muslim. Women saints like Mirabai, Andal emerged.

Bhakti Movement united Indian society and enhanced cultural unity.

32. यहाँ 1857 के राजनीतिक कारण जैसे डलहौजी की हड़प नीति, अवध का विलय पूछा है. 'अथवा' में विदेशियों के खिलाफ आंदोलन = स्वदेशी/असहयोग आंदोलन हो सकता है.

Asks for political causes of 1857 like Doctrine of Lapse, annexation of Awadh. 'OR' part refers to movements against foreigners = Swadeshi/Non-Cooperation.

33.

मोहनजोदड़ो का विशाल स्नानागार 11.88 × 7.01 मीटर का है और 2.43 मीटर गहरा है. इसके चारों ओर बरामदे और कमरे बने हैं. विद्वानों का मानना है कि इसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठान के लिए होता था. हड़प्पा नगरों में जल निकासी की उत्कृष्ट व्यवस्था थी. घरों का गंदा पानी नालियों से ढके हुए मुख्य नालों में जाता था.

The Great Bath of Mohenjodaro is 11.88 × 7.01 meters and 2.43 meters deep. It is surrounded by verandas and rooms. Scholars believe it was used for religious rituals. Harappan cities had excellent drainage system. Dirty water from houses went into covered main drains through drains.

(i)11.88 मीटर लंबा और 7.01 मीटर चौड़ा था

It was 11.88 m long and 7.01 m wide.

(ii) घरों का गंदा पानी नालियों से ढके मुख्य नालों में जाता था

Dirty water from houses went to covered main drains.

(iii) विद्वानों के अनुसार इसका उपयोग धार्मिक अनुष्ठान और पवित्र स्नान के लिए होता था. चारों ओर बने कमरे पुजारियों के लिए थे.

According to scholars, it was used for religious rituals and holy bath. Rooms around it were for priests.

34.

1857 के विद्रोह में बहादुर शाह जफर को भारत का सम्राट घोषित किया गया. दिल्ली पर कब्जे के बाद सैनिक मेरठ से दिल्ली आ गए. रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब, तात्या टोपे ने नेतृत्व किया. अंग्रेजों ने इसे 'सिपाही विद्रोह' कहा, पर भारतीय इतिहासकार इसे 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' मानते हैं.

In 1857 revolt, Bahadur Shah Zafar was declared Emperor of India. After capturing Delhi, soldiers came from Meerut to Delhi. Rani Lakshmibai, Nana Saheb, Tantia Tope led it. British called it 'Sepoy Mutiny', but Indian historians call it 'First War of Independence'.

(i) बहादुर शाह जफर को / Bahadur Shah Zafar.

(ii) 'सिपाही विद्रोह' / 'Sepoy Mutiny'.

(iii) रानी लक्ष्मीबाई और नाना साहब / Rani Lakshmibai and Nana Saheb.

क्योंकि यह अंग्रेजों के खिलाफ पहला संगठित विद्रोह था. इसमें सैनिक, किसान, राजा, जनता सभी ने भाग लिया. उद्देश्य अंग्रेजी शासन खत्म करना था.

Because it was first organized revolt against British. Soldiers, peasants, kings, public all participated. Aim was to end British rule.

35.

गांधी जी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे. 1917 में चंपारण सत्याग्रह किया. 1919 में रौलट एक्ट के विरोध में हड़ताल हुई. 1920 में असहयोग आंदोलन शुरू किया. गांधी जी ने कहा 'अहिंसा मेरा धर्म है और सत्य मेरा ईश्वर है'.

Gandhiji returned from South Africa to India in 1915. Did Champaran Satyagraha in 1917. In 1919, strike against Rowlatt Act happened. Started Non-Cooperation Movement in 1920. Gandhiji said 'Non-violence is my religion and Truth is my God'.

(i) 1915 में

(ii) 1917 में

(iii) गांधी जी का धर्म 'अहिंसा' और ईश्वर 'सत्य' था. वे हिंसा के विरुद्ध थे और सत्य के मार्ग पर चलने में विश्वास रखते थे. यही उनके आंदोलनों का आधार था.

Gandhiji's religion was 'Non-violence' and God was 'Truth'. He was against violence and believed in path of truth. This was the basis of all his movements.

Q36. मानचित्र संबंधी उत्तर/ Map Based Questions

(क) मोहनजोदड़ो

(ख) सांची

(ग) अमरावती

(घ) दिल्ली

(ङ) नागपुर